दूसरी बात यह है कि अनाथालय इस देश में चल रहे हैं। सब अपनी अपनी सामर्थ्य के अनुसार चला रहे हैं। लेकिन कुछ अनाथालय इस प्रकार के चल रहे हैं जो कि व्यापारिक दृष्टिकोण से खोले गये हैं। कुछ मक्कार और धूर्त आदमी उन अन्धे बच्चों के द्वारा अपना धंधा चला रहे हैं। आपने वेलफेयर की बात की लेकिन वे लोग अपनी वेलफेयर करते हैं उन बच्चों के द्वारा। इस प्रकार से वे उन बच्चों को बरबाद करते हैं। उनसे भीख मंगवाते हैं लेकिन नाम अनाथालय का रखते हैं। इस प्रकार के बच्चे सम्भवत: मेम्बर्स आफ पार्लियामेन्ट के पास भी पहुंचे होंगे। यह बच्चे रसीद बुक लेकर बसों पर और दूसरी जगहों पर जाते है और भीख मांगने का धंधा बना लेते हैं। इस तरह से उनका जीवन बरबाद हो जाता है। वे किसी काम या पढ़ाई की बात सोचते नहीं फिर बड़े होने पर वे क्या करेंगे? इस प्रकार के अनाथालयों पर प्रतिबंध लगाने और उनकी जांच करने के लिए सरकार की ओर से कोई व्यवस्था नहीं है। जो अनाथालय चल रहे हैं, उनमें क्या वेलफेयर है, बच्चों की सही देख-भाल हो रही हैं या नहीं—सरकार का कोई भी इस प्रकार का विभाग नहीं हैं जो उनका निरीक्षण कर सके। दिल्ली में ऐसे अनाथालय हैं जिनको सरकार की ओर से मदद मिल जाती है, फी बच्चा 40 या 60 रुपया जो भी हो, वह मिल जायेगा उनकी संख्या के हिसाब से लेकिन उसके पश्चात सरकार की ओर से कोई देख भाल नहीं होती कि वहां पर बच्चों को ठीक से खाना मिल रहा है, उनके कपड़े ठीक हैं और उनके पढ़ने-लिखने की कोई व्यवस्था है या नहीं। जिन अनाथालयों के बच्चों को पढ़ाने के लिए स्कूल की सुविधा है वहां की बात भी मैं आपको बता रहा हूं कि मैट्रिक पास करने के बाद धक्के मार कर उनको निकाल दिया जाता है। उसके बाद वे क्या करेंगे? वे बच्चे किसी मेडिकल कालेज में जा नहीं सकते, किसी इंजीनियरिंग कालेज में जा नहीं सकते या किसी और टेक्निकल लाइन में जा नहीं सकते। फिर किस तरह से वे अपने पैरों पर खड़े हो सकते हैं? मेरी दृष्टि में कोई भी ऐसा अनाथालय नहीं आया जहां पर कोई काम-धंधा सिखाने और ट्रेनिंग देने का काम होता हो। गवर्नमेन्ट अपनी ओर से इस प्रकार के स्कूलों की व्यवस्था करे जहां पर उन बच्चों को दस्तकारी के कामों की ट्रेनिंग दी जा सके ताकि वहां से

[श्री ओम प्रकाश त्यागी]

काम सीखने के बाद वे अपने परों पर खड़े हो सकें। आपने शेडयल्ड कास्टस के लिये नौकरियों में रिजर्वेशन दिया है, माइनारिटीज के लिए कमीशन बना दिया है लेकिन मैं जानना चाहता हूं ऐसे अंधे बच्चे जिनका कोई घर नहीं और जिनको कोई पूछने वाला नहीं वे आखिर कहां जायें। उनको नौकरी की कोई गारंटी नहीं, उनको आपने कोई काम सिखाया नहीं फिर वे क्या करें? गवर्नमेन्ट अपने ऊपर जिम्मेदारी ले कि उनको काम पर लगाया जायेगा। ऐसा आपकी तरफ से होना चाहिए।

कुछ अनाथालय इस प्रकार के भी हैं जो धार्मिक दृष्टिकोण से बच्चों को दाखिल कर लेते है। उनके पालन पोषण के पीछे उनका दूसरा उद्देश्य होता है। ऐसे बच्चे जिनको कोई जानकारी नहीं कि वे क्या हैं क्या नहीं हैं उन पर जबर्दस्ती कोई भी धर्म थोपने की आजादी नहीं होनी चाहिए। मैं समझता हूं 18 वर्ष की आयु हो जाने के पश्चात हिन्दू, मुस्लिम या ईसाई धर्म चुनने का अधिकार होना चाहिए। लेकिन कुछ अनाथालय इस प्रकार के हैं जो उन बच्चों को जबर्दस्ती हिन्दू, मुस्लिम या ईसाई बना कर खड़ा करते है। मैं इस प्रकार के अनाथालयों को जानता हूं लेकिन सरकार की ओर से इस प्रकार के अनाथालयों की जांच करने की कोई व्यवस्था नहीं है। जो बच्चे वहां दाखिल हुए वे कौन हैं, उनके माता पिता कौन है—इस प्रकार की जांच की कोई व्यवस्था नहीं हैं। इस तरह से अनाथ बच्चों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, उन के भविष्य को खराब किया जा रहा है।

अभी मेरे एक भाई ने कुछ संकेत किया था—दिल्ली की यूनियन टैरिटरी में छोटे-छोटे बच्चों को पाकिटमार और चोर की ट्रेनिंग दी जा रही है। उन को ट्रेनिंग देने वाले इस बात को जानते हैं कि यदि वे पकड़े गये तो उन को जेल जाना पड़ेगा, लेकिन छोटे बच्चों के लिये यहां कोई कानून नहीं है, यदि वे पकड़े गये तो जेल नहीं जायेंगे, ज्यादा से ज्यादा उनको चिल्ड्रन होम में भेज दिया जायेगा, बल्कि बहुत से तो दया कर के ही छोड़ दिये जायेंगे। इस लिये उन को बाकायदा ट्रेनिंग दी जाती है, अपराध करना सिखाया जाता है—ऐसे लोगों को रोकने के लिये आप क्या कर रहे है? इस समय तो आप के पास कोई कानून नहीं है।

यहां दिल्ली में बड़ी-बड़ी बिल्डिंग्ज बन रही हैं। राजस्थान और दूसरे प्रदेशों के हजारों लोग मजदूर के रूप में काम करते है। उन के बच्चे सड़कों के किनारे लेटे हुए मिलेंगे, ज्यादा से ज्यादा पेडों में झूले डाल कर लिटा दिया जाता हैं और माता-पिता दोनों वहां काम करते रहते है। प्रश्न यह है कि यह बच्चा बड़ा होकर क्या बनेगा। एक भीख मांगने वाले का बच्चा क्या बनेगा? मैं चाहता हूं कि आप कोई ऐसा कानून बनाइये—सब से पहले तो भीख मांगने पर प्रतिबन्ध लगाइये, उस के बाद यदि किसी भिखारी के यहां किसी बच्चे ने जन्म लिया है—मैं तो पूर्व जन्म में विश्वास करता हूं, उस बच्चे ने पूर्व जन्म में शायद कुछ अच्छा काम किया होगा, इसी लिये उस ने मनुष्य योनि में जन्म लिया है—तब इस में उस का क्या दोष है, उसे सरकार भिखारी बनने पर क्यों मजबूर करती है—मैं चाहता हूं कि कानूनी तौर पर सरकार उस बच्चे को छीन ले और अपने होम में उस का पालन पोषण करे।

अन्त में मैं यही निवेदन करना चाहता हूं कि आप निरीक्षण व्यवस्था करें और बच्चों को नौकरी की गारन्टी दें—इस प्रकार का कानून देश में बनायें। एक बीमारी और रह गई है, उस का संकेत कर के मैं अपना भाषण समाप्त करता हूं। आज पढ़ी लिखी लड़कियां नौकरी की तरफ़ भाग रही हैं। पति भी काम करता है और पत्नि भी काम करती है, अब बच्चे तो होने हीहैं, ऐसे बच्चे अन-केअर्ड

रहते हैं, उन की ठीक तरह से देखभाल नहीं होती है। इंग्लैंड में तो इस प्रकार का कानून बना हुआ है कि यदि माता-पिता बच्चों के साथ क्रूएलिटी करते हैं, अन्याय करते हैं तो सरकार उनके खिलाफ़ कार्यवाही कर सकती है, लेकिन हमारे यहां तो ऐसा कोई कानून नहीं है। इसलिये मैं सुझाव देना चाहता हूं कि आप ऐसे चिल्ड्रन होम्ज़ बनवाइये जहां काम करने वाले माता-पिता जब सुबह काम पर जायं तो अपने बच्चों को दे जाये और इस देख-भाल के लिये वे पेमेन्ट करें। इस प्रकार की सुविधा शीघ्र से-शीघ्र होनी चाहिये।

इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूं और आशा करता हूं कि आप इस बिल को कम्पलीट बनायेंगे, ताकि बच्चों की देख-भाल ठीक प्रकार से हो सके।

श्री हुकम देव नारायण यादव (मधुबनी) : उपाध्यक्ष महोदय, एक बुनियादी सवाल इस विधेयक पर विचार के समय उठाया गया है। कई माननीय सदस्यों ने "अवैध बच्चे" का उल्लेख किया। मैं इसी प्रश्न को उठाना चाहता हूं—जब तक रोग का जो कारण है, उस का इलाज नहीं होगा, तब तक बीमारी का इलाज नहीं हो सकता है। अवैध बच्चा कौन है ? अभी तक तो यह धारणा है कि जिस बच्चे के बाप का पता नहीं हो, वह बच्चा अवैध कहलायेगा। मेरा यह कहना है कि इस मान्यता को शिक्षा के जरिये समाज में बदलने का प्रयास करना पड़ेगा। मां सत्य है या बाप सत्य है। कौन आदमी उस बच्चे का बाप था—यह प्रमाण वह बच्चा नहीं दे सकता है, इस का सही सुबूत तो मां दे सकती है, इसलिये मां ही सत्य है, बाप असत्य है। मां के रहते हुए बच्चा समाज में अवैध कहलाये, बाप का पता नहीं है इस लिये बाप का पता लगाया जाय, तब वह बच्चा वैध हो जायेगा—इस मान्यता को बदलना होगा। मां का पता है, बाप का पता नहीं है, तो वह बच्चा वैध है, क्योंकि वह मां के पेट से पैदा हुआ है। बच्चे का बाप कौन है—इस का सुबूत तो मां ही दे सकती है .....

एक माननीय सदस्य : मां कैसे देगी ?

श्री हुकम देव नारायण यादव: इस-लिये कि वह जानती है कि यह किस का गर्भ है। यह एक अलग बात है कि बहुत से मामलों में मां को भी पता न हो कि किस का बच्चा है—लेकिन ऐसा थोड़े मामलों ही में सम्भव हो सकता है। इसलिए जो सामाजिक मान्यतायें हैं उनको हमें बदलना पड़ेगा।

बच्चों को अनाथालयों में भेज दिया जाता है। कानून तो इसका बनाया गया है लेकिन अनाथ बच्चों को सनाथ बनाने के लिए मैं पूछना चाहता हूं कि आप क्या उपाय कर रहे है। अनाथ जो बच्चे बने हैं उनके सामाजिक और आर्थिक कारण हैं, सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था के कारण भी ऐसा होता है। अगर किसी के मां बाप का पता नहीं है तो उस बच्चे को आप पढ़ा लिखा कर नौकरी में आरक्षण देकर नौकरी दे देंगे लेकिन जिस बच्चे के मां बाप हैं जो बी० ए० और एम० ए० और इंजीनियरी और डाक्टरी पास हैं वह सड़क पर भटकता फिरे यह भी कहां का न्याय है। हमारे देश की आर्थिक और सामाजिक व्यवस्था ऐसी है जिस की वजह से हिन्दुस्तान में अनाथालय, विधवाश्रम हैं और कई तरह के दूसरे आश्रम खुले हुए हैं। जहां तक बच्चों का सवाल हैं जिन लोगों को जेलों में ज्यादा दिन तक रहने का अनुभव प्राप्त हुआ है वे जानते हैं कि किस प्रकार का दुर्व्यवहार, अमानुपिक व्यवहार बच्चों के साथ जेलों में किया जाता है। आपको भी जेलों में रहने का अनुभव प्राप्त हुआ है और आप भी हमारी तरह से संघर्ष करते रहे हैं, लड़ते रहे हैं। आजाद भारत में भी आप जेल गए होंगे और बच्चों की दुर्दशा को वहां पर देखने का आपको भी अवसर मिला होगा। जिन छोटे-छोटे बच्चों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार करके जेलों

[श्री हुकम देव नारायण यादव]

में बन्द कर दिया जाता है और उनको वार्ड में ले जाया जाता है और उनके साथ अप्राकृतिक व्यवहार किया जाता है । इस प्रकार की चीज जेलों में आय दिन होती रहती है । बच्चों को जेलों में उनका सुधार करने के लिए रखा जाता है; इसलिए रखा जाता है कि वे इन्सान बन कर बाहर निकलें, जो बच्चा गलती के कारण किसी तरह से जेल में चला जाता है उसको इंसान के बजाय हैवान बना दिया जाता है, उसको जानवर बना दिया जाता हैं । क्या इसके बारे में भी कोई प्रस्ताव सरकार के सामने है ? क्या जेलों में आप इस प्रकार के कोई सुधार लागू करेंगे ताकि बच्चों के पढ़ने लिखने की व्यवस्था वहां हो । कागज में हिन्दुस्तान में जेलों के अन्दर ऐसी व्यवस्था हो सकती है । लेकिन कोई व्यवस्था वहां पर नहीं है । केन्द्रीय जेलों में भी जैसे बिहार में मुजफ्फरपुर, बक्सर, हजारीबाग, फुलवारी शरीफ इत्यादि । वहां पर भी रहने का हमें अवसर मिला है । दोनों प्रकार की जेलों में इन लड़कों के साथ जो दुर्व्यवहार होता है उसको हम लोगों ने अपनी आंखों से देखा है । हम ने इसका विरोध किया, पगली घंटी बजी, लाठी चार्ज तक इस वजह से हुआ है । ऐसा अन्याय उनके साथ हो रहा है । इसको रोकने के लिए आप क्या कर रहे है ? जो बच्चें अनाथालयों में दाखिल होंगे उनको पढ़ाएंगे, लिखाएंगे, सब व्यवस्था करेंगे लेकिन उसके बाद वे वहां जाएंगे ?

यह कहा जाता है कि किसी बच्चे के ऊपर जबर्दस्ती धर्म को न थोपा जाए । हिन्दुस्तान में ईसाई मिशनरियों के द्वारा बहुत बड़े सेवा कार्य किए गए हैं । हिन्दुस्तान में ऐसे बहुत से कट्टरपन्थी हिन्दू पैदा हुए हैं जिन्होंने कहा है कि ईसाइयों के जरिये बलात् धर्म परिवर्तन बच्चों का तथा दूसरों का किया जा रहा है, बच्चों पर ईसाई धर्म थोपा जा रहा है । सात समन्दर पार से आ कर इंगलैंड और अमरीका जैसे दूर के देशों से यहां आकर कोई दूसरे धर्म वाला हिन्दुस्तान के हरिजनों, शोषितों, आदिवासियों, पीड़ित बच्चों को गले लगा कर उनकी सेवा करता है, उनके मैले कुचैले कपड़े साफ करता है, उनका नाक पोंछता है जबकि हिन्दू अपने देश के उन बच्चों को लात मार कर ठुकराते हैं उस अवस्था में आप कैसे कहते हैं कि उनके साथ अन्याय हो रहा है । कोई मजबूर हो कर ही धर्म परिवर्तन करता है, मजबूरी के कारण ही उसको कहीं और शरण पाने के लिए जाना पड़ता है । जहां उसको बराबरी का दर्जा मिलेगा वहां क्या वह नहीं जाएगा ? इस्लाम का यहां प्रचार हुआ था । उसने बराबरी का दर्जा दिया और नतीजा यह हुआ कि हिन्दुस्तान के करोड़ों हिन्दू मुसलमान बन गए, इस्लाम धर्म उन्होंने कबूल कर लिया । इसके दूसरे भी कारण हो सकते हैं । लेकिन एक यह भी कारण था । मिशनरियों द्वारा अगर आप चाहते है कि धर्म परिवर्तन न हो और देश के अन्दर आप हिन्दू धर्म की रक्षा करना चाहते हैं, हिन्दू सभ्यता और संस्कृति की रक्षा करना चाहते हैं, तो आपको उदारवादी बनना होगा, अपनी सम्पत्ति में से कुछ अंश आपको निकालना होगा ऐसे बच्चों के कल्याण के लिए, उनके उद्धार के लिए, शोषित पीड़ित लड़कों के कल्याण के लिए । लेकिन ऐसा नहीं किया जाता है । हमारे देश में पूंजीवादी व्यवस्था है और धर्मादा के नाम पर तथा दूसरे धार्मिक नामों पर खातों का निर्माण यहां किया जाता है और उन धार्मिक खातों में जनता से जो पैसा टैक्स के रूप में लिया जाता है देश में वह राशि करोड़ों की होती है । हमने देखा है इन खातों में पैसों का गोलमाल होता रहा है । क्या उसकी जांच हो सकती है या नहीं ? किसी मन्दिर के जरिये अगर करोड़ों रुपयों का गोलमाल होता है और उसकी जांच पड़ताल की जाय तो बावेला उठ सकता है कि मन्दिर की सम्पत्ति की, मस्जिद की सम्पत्ति की, गिरजाघर की सम्पत्ति की जांच नहीं होगी । लेकिन

उनके पीछे जो अन्याय होते हैं वह चलते रहेंगे । इसलिये जब तक सामाजिक मान्यताओं को नहीं बदला जायेगा तब तक इन बुराइयों को दूर नहीं किया जा सकता है । केवल पिछले कानून में संशोधन कर देने से काम नहीं चलेगा । आपको अच्छा जरूर लगेगा कि सरकार कानून बना रही है इससे बच्चों का कल्याण होगा, लेकिन वास्तव में ऐसा होता नहीं है । मैं साफ़ कहना चाहता हूं कि बच्चे राष्ट्र की सम्पत्ति हैं, सिद्धान्त में हैं । लेकिन हिन्दुस्तान में कथनी और करनी में सदा फ़र्क रहा है । सियाराम मैं सब जग जानी, करहुं प्रणाम जोर जुग पाणी । लेकिन व्यवहार में कहेंगे कि तुम हरिजन हो इसलिये दूर रहो । वाणी से ब्रहम का दर्शन देना और व्यवहार में इन्सान को नीच समझना, यही हमारा व्यवहार रहा है । इसलिये जब तक आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक मान्यताओं में परिवर्तन नहीं होगा तब तक इन रोगों का इलाज नहीं हो सकता है ।

श्री दुर्गा चन्द (कांगड़ा) : उपाध्यक्ष जी, जिस कानून पर आज सदन में चर्चा हो रही है, यह देश की बहुत व्यापक समस्या है जिसके हल के लिये यह छोटा सा कानून सदन में पेश हुआ है । मैं तो समझता हूं कि जिस तरह आसमान की शोभा चांद और सितारों से होती है उसी तरह इस धरती की शोभा यहां के हंसते, खेलते और तन्दुरस्त बच्चों से हो सकती है । लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण जो देश गरीब हैं और जिनकी आबादी बढ़ रही है उनके लिए बच्चों का पालन पोषण और उनकी तरफ़ तवज्जह देना, उनकी पढ़ाई लिखाई का इंतजाम करना और समाज का अच्छा नागरिक बनाना यह बहुत भंयकर समस्या देश के सामने है । कानून समस्या के हल के लिये पेश तो हुआ है, और 1960 में यह कानून पास हुआ था और आज 1978 उस में संशोधन आ रहा है । ओरिजिनल एक्ट में 60 क्लाज़ेज़ हैं, लेकिन इस अमेंडिंग बिल में करीब 30 छोटे मोटे संशोधन हैं । तो हमारी सरकार ने इस समस्या की व्यापकता को समझा है और इसमें संशोधन लाने का प्रयत्न किया है । लेकिन मैं तो समझता हूं कि अगर इतने संशोधन लाने हैं तो इसके बजाय कोई कामप्रीहेंसिव कानून लाया जाता और इस समस्या को कैसे हल किया जा सकता है यह सोचा जाता । 30 अमेंडमेंट्स हैं 60 क्लाज़ेज़ के बिल में ।

जहां तक डेलिन्क्वेंट और नेग्लीजेंट बच्चों के मुताल्लिक कहा गया है मैं समझता हूं कि दिल्ली शहर का आप अंदाजा लगाये । यहां हमारे देहातों से कितने नेगलेक्टेड बच्चे, जिनका पालन पोषण अच्छी तरह से उनके मां बाप नहीं कर पाते हैं, ऐसे बच्चे छोटी उम्र में शहरों में चले आते हैं और यहां जो उनकी दुर्गत होती है और अपना जीवन बसर करते हैं उसकी मिसाल नहीं मिलती है । जिस मुल्क की आबादी बढ़ रही हो, गुरबत ही वहां पालन पोषण की जो हालत है वह हम देख रहे हैं । सरकार ने ऐसे डेलिन्क्वेंट और नेगलेक्टेड बच्चों को अच्छे शहरी बनाने के कुछ प्रयत्न किये हैं । वे प्रयत्न ये हैं कि चिल्ड्रन्ज कोर्ट और चाइल्ड वैलफ़ेयर बोर्ड का प्राविज़न किया गया है । शरारती और आवारगी करने वाले लड़कों के साथ चिल्ड्रन्ज कोर्ट डील करेगी और नेग्लेक्टिड बच्चों के साथ चाइल्ड वैलफ़ेयर बोर्ड डील करेगा । चिल्ड्रन्ज कोर्ट की सहायता के लिए दो क्वालिफ़ाइड सोशल वर्कर्ज़ होंगे, जिन में से एक औरत होगी । कई बार यह पता नहीं चलता है कि कोई बच्चा डेलिन्क्वेंट हैं या नेग्लेक्टिड है । इसलिए चिल्ड्रन्ज कोर्ट और चाइल्ड वेलफ़ेयर बोर्ड में केसिज़ के आपसी ट्रांसफ़र का भी प्राविज़न रखा गया है ।

लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि इस कानून से यह समस्या हल नहीं होगी । यह बहुत व्यापक समस्या है । इसे हल करने के लिए

[दुर्गा चन्द]

हम कितनी चिल्ड्रन्ज कोर्ट, कितने चाइल्ड वेलफ़ेयर बोर्ड और कितने चिल्ड्रन्ज होम बनायेंगे ? किस तरह हम सारे देश में ऐसी इंस्टीट्यूशन्ज और आर्गनाइजेशन्ज खड़ी कर सकेंगे ? इस के लिए कितने पैसे की जरूरत होगी ? अगर हम समझते हैं कि बच्चे देश की सम्पत्ति हैं और बच्चों की बदौलत आने वाले भारत का भविष्य बनना है, तो उन की देख-भाल, उनकी हिफ़ाजत और आल-राउंड नरिशमेंट के लिए हमें एक व्यापक इन्तजाम करना पड़ेगा ।

मैं यह भी सुझाव देना चाहता हूं कि अगर सरकार बच्चों की हिफ़ाजत के लिए कोई डायरेक्ट टैक्स लगा दे, तो वह कोई बुरी बात नहीं हैं । लोग उसे बर्दाश्त करेंगे । यह केवल अनाथ बच्चों का प्रश्न नहीं हैं । मैं समझता हूं कि अनाथ बच्चे तो बहुत कम होंगे, लेकिन ग़रीबों के घरों में जो बच्चे पैदा होते हैं, वे नेग्लेक्ट किये जाते हैं और डेलिन्क्वेंट बन जाते हैं और आवारगी की जिन्दगी बसर करते हैं ।

अभी तक हमारी सरकार अनएम्पलायमेंट के मसले को हल करने में सफल नहीं हुई है । इस बारे में हमारी योजनायें हैं, लेकिन हम देखते हैं कि पढ़े-लिखे ग्रैजुएट नौजवान सड़कों पर आवारा फिर रहे हैं, उनकी जिन्दगी बर्बाद हो रही हैं और उन में कई किस्म के सोशल ईविल्ज आ रहे हैं । इसलिए इस समस्या के हल के लिए सरकार एम्पलायमेंट के ऐवेन्यूज पैदा करे, लोगों को अपने पांव पर खड़ा करे, ग़रीबी को दूर करने का इन्तजाम करे, ताकि पेरेंट्स खुद अपने बच्चों की हिफ़ाजत करें, और जो थोड़े-बहुत बच्चे बच जायें, उनकी जिम्मेदारी सरकार ले । मौजूदा हालत में यह समस्या इतनी भंयकर है कि अगर सरकार ने इसे हल करने के लिए कोई स्ट्रिक्ट कदम न उठाये, तो मैं समझता हूं कि हमारे देश का भविष्य ठीक नहीं है ।

इन शब्दों के साथ में इस कानून का स्वागत करता हूं ।

श्री राम देनबी राम (पलानू) : उपाध्यक्ष महोदय, शिक्षा मंत्री ने बच्चों के हित के लिए जो एमेंडमेंट बिल पेश की है, मैं उस का तहे- दिल से स्वागत करता हूं । मैं इन बच्चों से सम्बन्धित संस्थाओं में वर्षों से काम करता आया हूं । मेरा जो अनुभव रहा है, उसके आधार पर मैं समझता हूं कि इन बच्चों और जानवरों के बच्चों में कोई अन्तर नहीं है । इस स्थिति में सरकार का यह दायित्व हो जाता है कि वह राष्ट्र के तमाम अनाथ बच्चों की जिम्मेदारी को उठाये

सब से पहले मैं कहूंगा कि पूरे देश में प्रत्येक प्रखंड के स्तर पर ऐसे मातृहीन और पितृहीन अनाथ बच्चों का सरवे कराया जाये, और उस सरव के आधार पर चार्ट तैयार किये जायें, ताकि समाज—लोगों और सरकार को मालूम हो कि यह काम कितना बड़ा है और इस बारे में हम क्या कर सकते हैं ।

15 hrs.

देहरी-ऑन-सोन में रेलवे एक्सिडेंट से एक मासूम बच्चे का पैर कट गया था । अस्पताल ने उसे अच्छा होने से पहले ही छोड़ दिया था । मैं पटना जा रहा था, इसी बीच डेहरी ऑन सोन स्टेशन पर गाड़ी पहुंची । घाव अच्छा न होने के कारण वह बेतरह दर्द से बच्चा चिल्ला रहा था । केवल कुछ खाना देने के अलावा कुछ भी सेवा करने का मौका मुझे नहीं मिला । उसके रोने की आवाज आज भी मेरे कानों में गूंज रही है । इस तरह से आप समझ सकते हैं कि इस देश में कितने मासूम बच्चे, अनाथ दर दर के भिखारी बने हुए हैं । उन का जीवन कितना दर्दनाक बना हुआ है । यह सरकार को सोचना चाहिए । यह वेलफेयर स्टेट है । उन की सारी जवाबदेही सरकार को लेनी चाहिए । वे मासूम बच्चे

दो-दो चार-चार रुपये में किसी बड़े आदमी के घर में या होटलों में अपना आत्म-सम्मान खोकर पेट पालते रहतें हैं । इन लोगों को कोई देखने वाला नहीं है । मुझे खुशी है कि शिक्षा मंत्री का ध्यान इस ओर गया है और मुझे आशा बढ़ी है । मैं विश्वास दिला सकता हूं कि ऐसी बहुत सी संस्थाएं भी हैं जो काम करना चाहती हैं, लेकिन सरकार की तरफ से कोई प्रोत्साहन नहीं मिल पा रहा है । मैं पटना के कमला केहरू सेवा संस्थान के एक मेम्बर होने के नाते म कह सकता हूं कि वहां करीब 50 विद्यार्थी हैं । वे गुरबत के मारे हुए निराश विद्यार्थी वहां ऐडमीशन लेने के बाद साल डेढ़ साल की ट्रेनिंग प्राप्त करने के पश्चात् कोई उन्हें अच्छा मददगार मिल जाता है तो कोई नौकरी, जाब पा जाते हैं और तब उन की स्थिति देखने के बाद मुझे संतोष होता है । कामेश्वर पास्वान नाम का एक लड़का जो एक पैर से लंगड़ा था दो वर्ष की ट्रेनिंग के बाद 1700 रुपये की एक हाथ से चलाने वाली साइकिल लेकर चलता है तो हृदय आह्लादित हो जाता है । मैं चाहूंगा कि सरकार कमला नेहरू सेवा संस्थान को मदद दे ताकि वह अच्छी तरह से चल सके और काफी बच्चों का उसमें ऐडमिशन हो सके ।

टीक ही हमारे भाई हुकम देव जी ने कहा कि जो आरफन बच्चे जब किसी कारण सजा पा कर जेल जाते हैं तो जेलों में उन के साथ अमानुषिक दुर्व्यवहार होता है । मैं चाहूंगा कि जैसे हजारीबाग रिफार्मेटरी स्कूल है ऐसे ही प्रत्येक जेल में अलग वार्ड बना कर उन को पढ़ाने लिखाने और आदमी बनाने के लिए सहूलियत उन्हें मिले । उसमें से जो लड़के निकलेंगे निश्चित तौर से इस देश में वे कारगर सिद्ध होंगे । कोई बच्चा भले ही अपने जीवन यापन की समस्याओं से लाचार होकर कहीं कोई गलत काम कर लेता है लेकिन मुझे याद है, इसी सदन के भूतपूर्व सदस्य स्वर्गीय श्री कमलनाथ तिवारी जी का नौकर यहीं दिल्ली में था । मुझे याद है कि वह कितना सुधर कर इन्सान बन गया तिवारी जी ने डेरे का मालिक उसी को बना दिया था । मैंने उन से पूछा कि तिवारी जी, यह नौकर आप कहां से लाए थे तो उन्होंने कहा "कि पहले एम० पी० होने के बाद बेतिया स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने आया था, उसी बीच वहां हल्ला हुआ—पाकेट मार, पाकेट मार । लोग उसको मारने लगे मैंने उस को छुड़ाया और फिर उसे अपने साथ दिल्ली लाया । तब से बराबर साथ में हैं ।" यहां तक बुद्धि का विकास हुआ कि दस बीघा जमीन उस ने खरीदी । इस लिये मुझे पूर्ण विश्वास है कि अगर सरकार ध्यान देगी तो निश्चित तौर से ये अनाथ बच्चे राष्ट्र की सम्पत्ति साबित होंगे और राष्ट्र के विकास में वे भी अपना हिस्सा लेंगे । इसलिए मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि ऐसे बच्चों के लिए पढ़ाई छात्रवृत्ति और आवासीय विद्यालय की व्यवस्था होनी चाहिए । बिहार राज्य में समाज कल्याण विभाग के माध्म से बहुत से हरिजन रेसि-डेन्सीयल स्कूल हैं जिन में डोम, मेहतर इत्यादि हरिजन लड़के पढ़ते हैं । उन स्कूलों में अगर आप एक भी ऐसे स्कूल को देखेंगे तो आपको पता चल जायेगा कि किस प्रकार से उनको नेगलेक्ट किया जाता है । उन स्कूलों को जो पैसे का आवंटन होता है वह बहुत देर से मिलता है । खाने पीने, कपड़े लत्ते की उपलब्धि समय पर नहीं की जाती है । उचित देखभाल न होने की वजह से आधे से ज्यादा पैसा बरबाद हो जाता है । इस बात को देख कर आश्चर्य होता है कि पैसा देने के बाद प्रबन्ध नहीं कर पाती है । इस मामले में सुधार होना चाहिए । इसके साथ ही मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि जब तक आप पूरा सर्वे नहीं करा लेते हैं तब तक आपकी योजना सफल नहीं हो सकती है ।

इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूं ।

THE MINISTER OF EDUCATION-SOCIAL WELFARE AND CULTURE (DR. PRATAP CHANDRA CHUNDER): Mr. Deputy-Speaker, at the outset I thank the hon. Members for giving full support to this Bill. It is indeed a gratifying attitude which has been taken by the hon. Members and they have agreed with me that this Bill actually wants to plug loopholes in the existing Children's Act of 1960. At the outset I have also stated that this Bill does not cover all the aspects of the problems relating to children. Many hon. Members pointed out, rightly, that the problems of children in the broader perspective should be kept in view. Of course there are many Acts which had been passsed either by Parliament or by state legislatures which try to deal with the problems of children. We have also general laws which touch on the condition of children in a number of ways. We have special laws for children. For instance, we have various labour laws for controlling work done by children in various industries. We have Hindu Law different Act for the purposes of looking after the welfare of children. We have the Guardians and the Wards Act which really wants the welfare of children to be kept in view. Apart from that as regards the maintenance of children we have a general provision in the Criminal Procedure Code which provides that a child whether legitimate or illegitimate should be properly maintained. Section 125 says that if any person having sufficient means ignores or refuses to maintain his legitimate or illegitimate minor child, whether married or not, unable to maintain himself, or his legitimate or illegitimate child not being married daughter who has attained majority, where such child is by reason of any physical or mental abnormality or injury unable to maintain itself, then the magistrate is given power to see to it that a proper maintenance at such monthly rate as may not exceed Rs. 500 in the whole, might be claimed from the parents. Similarly, in Hindu Law we have the Hindu Minority and Guardianship Act and also the Hindu Adoption and Maintenance Act which covers the cases not only of the majority community but in the wider definition of the term Hindu, it also covers cases of Budhists, Jains and Sikhs.

And there also we find under Section 20 of Hindu Adoption and Maintenance Act, Maintenance of Children and Aged Parents, "Subject to the provision of this Section a Hindu is bound during his or her life time to maintain his or her legitimate or illegitimate children." So some hon. Members pointed out that there should be provisions for maintenance of illegitimate children also. I submit that there are already some provisions. It is only the question of implementation. It is admitted that this Act has got a limited scope. It is confined to Union Territories alone because this Parliament has no power to pass any legislation in this matter beyond the Union Territories. But I am happy to tell you that accepting the Children Act as model, most of the States in our country have passed similar legislation. In fact I find that only four States have not done so. All the State Governments except Nagaland, Orissa, Sikkim and Tripura have enacted their own legislation on this subject. So we notice that at the State level also similar Acts have been passed. Some hon. Members legitimately point that the Central Government should try to see that these State Acts are properly implemented. I can assure you, Sir, this is a very sound suggestion that has been made and in fact the Central Government is very much conscious of its own duties. So, recently, the National Children's Board has been reconstituted with the Prime Minister as the President and there we have representatives of different States. States are represented through the Ministers-in-charge of child welfare. By rotation they come here for a two years term.

Apart from that a Standing Committee consisting of myself and a few other Members has been constituted

to see to it that there is proper plan, review and supervision for the implementation of the programme connected with 1979 International year of child and to co-ordinate and integrate the efforts made by different Governmental and Private Agencies engaged in implementing pragrammes of welfare of children, review periodically the progress made in different programme, so and on and so fourth.

From this you will observe that the Government is quite conscious of the fact that children deserve the greatest sympathy and support from the State. I would like to point out one observation which was made by hon. Member Shri Tyagi that there should be proper supervision and control of orphanages. In fact at the State level we have Women and Children's Institutional Licening Act of 1956, Orphanages and other charitable Homes Supervision and Control Act of 1960 which are implemented by the State Governments. So, we have proper power and also machinery to implement the provisions for the welfare of Children. Whether that is done or not is a matter for the State Governments. Even then the Central Government having set up these Boards will certainly try to see that the State Governments cooperate with the Central Government in the noble objective of looking after the welfare of children through out the country.

PROF. P. G. MAVALANKAR: We are glad that the Board has been reconstituted. But we would like to know what specific programmes or projects have been launched and what is being done.

DR. PRATAP CHANDRA CHUNDER: If the hon. Member gives me time I will point this out. I would like to point out that whatever programmes that the Central Government or the State Governments may take up the problem is so massive that in the situation of our country, it is rather a very grave problem and we can touch only the fringe of the problem. In fact the framers of the Constitution were also conscious of this fact. While they had asked for the welfare of children, which I have already indicated yesterday—it was repeated by hon. Member Shri Mavalankar—we also note that Article 41 contains these words:

> "The State shall within the limits of its economic capacity, and development, make effective provision for securing the right to work, to education and to public assistance in cases of unemployment, old age, sicknness and disablement and in other cases of undeserved want."

One hon. member interjected—I do not know whether it has gone into the record—that in our country, according to a modest computation, originally 40 per cent of our people lived below the poverty line. In the last 10 years, possibly that has gone up to 70 per cent. That is the stark reality we have to face. In that context we have to frame all our plans and programmes. I should have been the happiest person if we could have got adequate finance for meeting all the problems of our children. But we have to admit that in a democratic country, although we have undertaken the welfare objectives, the primary responsibility for looking after children lies with the family particularly the parents. Even Mr. Mavalankar suggested in passing that parents give birth to children and do not accept their responsibility. That type of attitude cannot be encouraged. Where the parents are able and have the financial ability to discharge their duties towards the children, they must be compelled to do so. That has been the provision of law. In the present amendment, we are trying to emarge the scope of the definition of neglected children by introducing the words "unable to maintain, that is, unable to look after". This inability may be due to various reasons and it will be for the competent authority to decide whether there is such inability or not With regard to competent authority also, particularly children's court, there has been a provision for engaging social workers. In the present amendment, we are associating two social

[Dr. Pratap Chandra Chander]

workers including a woman who of necessity will also be a social worker, because the word 'social worker' is a genus of which a woman is a species, which was perhaps missed by the hon. member. These social workers will give a human touch to all the proceedings before the children's court and properly assist the court in this matter. A doubt was raised by Shri Vayalar Ravi yesterday whether proper persons will be selected or not. I do not know why he was so sore about married social workers. But in the Bill itself, it is indicated that prescribed qualifications will be indicated by an appropriate authority. In that connection, the problems raised by the hon. member will be kept in view.

Some hon. member suggested that children should be the wards of the State. But this is not accepted in many democratic and even totalitarian countries in the world today. Perhaps only in a Platonic society where children would have been wrested away from the family such a step could be taken. This extreme theory has been discarded and it has been accepted that the best course for development of children is with the family. The family is the unclear unit with which children can best develop. Recently there has been a change in the Soviet Constiution. There you will find that the family system has been recognised by the Soviet State—Article 53 of the Soviet Constitution says:

"The family enjoys the protection of the State" —therefore there is no question of taking the children away from the family—"The State helps the family by providing and developing a broad system of child care institutions, by organising and improving communal services and public catering.

Now, these are for supplementing the activities of the family not to take away the rights of the family or the duties of the family. Of course, in a controlled society it may be easier for the Government to take adequate measures in such a field, but in our country in view of the great poverty which is rampant in our country, it may not be possible for the Government to take such adequate measures. However, I fully agree with the hon. Members in their expression of concern for the welfare of children and I would say that this Government is quite conscious of this fact.

About the specific programmes for children's welfare that we have undertaken we have, for the purpose of nutrition, undertaken the provision for Integrated Child Development Scheme, shortly called as ICDS programme. At present there are 33 such schemes. But in the coming financial year we propose to start 66 more such schemes so that you will at once notice that in a single year we are about doubling the new capacity so that the total number will be three times the existing number. This is one programme.

The point about education and dropouts has been mentioned. I have stated several times that this Government is very conscious of the problem and we are undertaking a massive programme of adult education and also non-formal education for children. In this way we are trying to touch some of the problems. We may not be able to solve them, but at least some dent would be made in this regard.

One hon. Member referred to Foreign Adoption Act. But this is not under my charge. My esteemed colleague, the Law Minister, will be brining this Bill before this House and at that time proper criticism against that can be levelled. So, I do not want to go into the details regarding this.

With these words, Sir I would most humbly request that this Bill may be taken into consideration.

MR. DEPUTY-SPEAKER The question is:

"That the Bill to amend the Children Act, 1960, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

The motion was adopted.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, we take up clause-by-clause consideration. There are no amendments to Clauses 2 to 19. I shall put them together to the vote of the House. The question is:

"That Clauses 2 to 19 stand part of the Bill."

The motion was adopted.

Clauses 2 to 19 *were added to the Bill.*

Clause 1—(Short title and commencement)

Amendment Made:

Page 1, line 3,—

for "1977" *substitute* "1978" (2)

[Dr. Pratap Chandra Chander]

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That Clause 1, as amended, stand part of the Bill."

The motion was adopted.

Clause 1, *as amended was added to the Bill.*

Enacting Formula

Amendment made:

Page 1, line 1,—

for "Twenty-eight"

substitute "Twenty-ninth" (1)

(Dr. Pratap Chandra Chunder)

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That the Enacting Formula, as amended, stand part of the Bill."

The motion was adopted.

The Enacting Formula, as amended, was added to the Bill.

The title was added to the Bill.

DR. PRATAP CHANDRA CHUNDER: Sir, I beg to move:

"That the Bill, as amended, be passed."

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That the Bill as amended be passed."

The motion was adopted.

15.25 hrs.

MERCHANT SHIPPING (AMENDMENT) BILL

MR. DEPUTY-SPEAKER: We now take up the Merchant Shipping (Amendment) Bill. Mr. Chand Ram.

THE MINISTER OF STATE INCHARGE OF THE MINISTRY OF SHIPPING AND TRANSPORT (SHRI CHAND RAM): Sir, I beg to move:

"That the Bill further to amend the Merchant Shipping Act, 1958, be taken into consideration."

While moving this bill for consideration, I may say a few words, although the necessity for bringing in this bill before the House has been mentioned in the Statement of Objects and Reasons. But hon. Members may still like me to say a few words by way of amplification or clarification. The The amendment to the parent Act relate to Sections 14 to 19 which mainly deal with the Shipping Development Fund and the Shippng Development Fund Committee. This Fund was created in 1959; and since

[Shri Chand Ram]

the creation of this Fund, much progress has been attained by shipping in India inasmuch as we have now achieved 30,000 shipping tonnage in our country since Independence. This has been so, because of advance of loans and financial assistance from this Fund.

We are now making certain amendments with a view to diversifying the activities of the Shipping Development Fund; and one amendment relates to the advancement of loan to the ship-builders as also where modifications are required. Another amendment is for making the nomination of Directors legal. Earlier, there was no statutory support in the bill or in the Act whereby we could nominate our Directors on the private companies; but we have been nominating Directors on them. It will now be made legal. But we are making these Directors free from any liability. This is one of the amendments. Another amendment is about the issue of bonds or debentures to the public. This Fund is falling short of our requirements; and, therefore, this Shipping Development Fund Committee acts like other financial institutions. And it has now been thought necessary to issue debentures and bonds to public, so that we may have more funds to meet the growing requirements of the shipping industry.

Similarly, there are also some consequential changes to enable Central Government to take over the property of the Committee and its liabilities in the event of its closure.

With these words, I move that this bill be taken into consideration.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Motion moved:

> "That the Bill further to amend the merchant Shipping Act, 1958, be taken into consideration."

There is one amendment in the name of Mr. Vinayak Prasad Yadav. Are you moving it, Mr. Yadav?

श्री विनायक प्रसाद यादव (सहरसा): उपाध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं : "कि विधेयक पर 31 मई, 1978 तक राय जानने के लिये उसे परिचालित किया जाये ।"

MR. DEPUTY-SPEAKER: The motion is now open for discussion. Mr. Ugra Sen is not here. Mr. Sheth. You are now required to speak, but not on the amendment.

SHRI VINOD BHAI B. SHETH (Jamnagar): I generally welcome the Bill.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Amendments are moved when the clauses are taken up. An amendment is taken up at this stage only when it relates to reference of the Bill for circulation, or reference to Select Joint Committees.

SHRI VINODBHAI B. SHETH: Sir, this Bill is most welcome at a time when the shipping industry is in crisis The world tonnage is in surplus and India is not an exception to it. The SDFC has come to the rescue of the shipping industry, not only by giving soft term loans, but this time by giving rescue loans for maintenance and renovation. Now the ship-owners are asking for the diversion of foreign exchange funds for this purpose to have some cash flow. But we have to be very cautious this time in order to save Government finance. I think they should use their funds to rescue their finance rather than go to the rescue of the ship-owners.

The Shipping Development Fund Committee is a statutory body where Government officers are represented. I feel there should be some public involvement there. Now the shipping industry is run by both the public and private sector. The SCI and the other lines are in the public sector,

while there are some private companies in the same industry. When huge amounts to the extent of Rs. 1,000 crores are given by way of loan at the rate of 4½ per cent to the shipping industry, when such finances are okayed by Parliament, I feel that Parliament should be represented in that Committee. So, I have suggested in my amendment that there should be two Members of Parliament in this Committee, one from Lok Sabha and another from Rajya Sabha.

The procedure for drawing money from the SDFC is very cumbersome. Of course, the SDFC has to keep a close check on the industry when it is giving loans. Now only public limited companies are entitled to get loans from the SDFC. If we take Andaman and Nicobar islands, there is no public limited company entitled to get loans. So, I would suggest that co-operative societies and registered firms should be entitled to get loans from the SDFC, of course, after taking proper sureties.

There is a provision seeking exemption from income-tax and wealth-tax for this Committee. Being a non-profit-making organisation, I do agree that it should be exampted from these taxes. At the same time, I would suggest that this concession should be extended to the sea-farers and the merchant navy officers, because they are now drifting from the Indian-flag ships to foreign-flag ships.

It is heartening to know that the SDFC is thinking of diversifying its programme and giving loans to shipyards also. Now most of our ships are built in foreign shipyards. So far as shipyards are concerned, we are far behind many countries. Shri M. A. Master has said on many an occasion that we have to pay attention to this important industry, but I do not understand why this country does not go in for more shipyards. We should build our ships in our own shipyards. Now we are getting our ship built in foreign shipyards. Small countries like Korea, Japan, Norway, Yugoslavia and UK have been supplying us ships. We have purchased 23 ships only from one company, namely, Mitsubishi, in Japan. In that context, it is a welcome idea that the SDFC is thinking of giving loans to shipyards also.

It is good that Shri Chand Ram has mentioned that Indian bottoms will carry Indian cargo. Somehow or other, some of the Ministries are not thinking in terms of this when they are entering into bilateral agreements with foreign countries. In fact, when there should be a C&F contract, they make it a FOB contract and vice versa. Such things should be put an end to so that we can rescue our shipping industry from its present pitiable position.

I am sorry to say that in this Bill there is no reference to the small sailing vessels. There are 8,000 small sailing vessels in the country and there are more than one lakh persons employed in the small vessels. The livelihood of about 10,000 families depends on small sailing vessels. I would say that the SDFC should earmark Rs. 5 crores in the next Five Year Plan for mechanisation and purchase of small crafts, including trawlers. Most of the funds to the shipping industry are provided by the Government. I do not plead for nationalisation at present, but I hope Government will think of social control.

At present the SDFC are financing almost all the shipowners of the country. So, there should be some control over them to see that the funds earmarked for a particular purpose are spent for the same purpose. Sometimes funds are diverted to other purposes. We have received complanits from many corners about this also. So, I hope proper vigilance will be kept by the SDFC, and for this purpose I once again request that there should be two Members of Parliament included in the SDFC.

SHRI MANORANJAN BHAKTA (Andaman and Nicobar Islands): While speaking on this Bill I am much agitated because of the sudden recent increase in freights and fares to the tune of 25 per cent in the shipping service to the mainland from the Andamans. This has caused much distress to the people of the Andaman and Nicobar Islands, and it is a fact that due to this increase the entire economic development of the territory has been jeopardised.

I definitely welcome this Bill and congratulate the hon. Minister for bringing it because it has a got a lot of good things for development of shipping in this country. At the same time, the entire Merchant Shipping Act has to be fully examined as it requires more changes to be made. There is no provision, for instance, now for helping the small shipping entrepreneurs in the country. Only the big ones are getting all the benefits and the facilities.

There are lots of problems in the country regarding dry docking and ship repairing yards. Different shipping interests have also on very many occasions raised this issue of having more ship repairing yards and dry docks. I think Government has yet to take a bold decision about it. The dry docks and ships repairing yards are under the control of the port authorities who charge the small entrepreneurs the same rates as the bigger ones. That is why it is very necessary to look into the case of the small shipping entrepreneurs and give them some incentive so that they can also start coastal lines in the country.

We are gradualry becoming one of the maritime countries of the world, and our shipping tonnage is increasing considerably. Our hon. Minister rightly wants to have more shipyards in the country. Naturally I believe that it is very necessary to be self-sufficient in ship-building. At the same time, when you look at the officers manning ships, you find that their conditions are very deplorable. They go to foreign countries because they get much more facilities and benefits there. On very many occasions—the hon. Minister might be knowing it—they have represented that income-tax should be exempted for the merchant shipping officers, so that this will be one of the attractions for them and they may not go out of the country. I request the Minister to look into this case. We are very much feeling shortage of personnel to man our ships. It will be pertinent to mention here that recently lot of accidents have taken place. The fate of Chandragupta is unknown. Even in today's paper it is mentioned that one tug was sunk near Cochin. Another accident had happened near Bombay. What is the reason behind it? This should be looked into. If necessary, Government should provide more amenities to the officers and should not be miser about it

There is another Act. Inland Steam Vessel Act. This Act and the Merchant Shipping Act are open to the vessel owners to register their vessels. There are many places like Andaman & Nicobar Island where the ship owners use to register their vessels under the Inland Steam Vessel Act. This is done in order to deprive the workers of certain facilities because the facilities provided under the Merchant Shipping Act are much more than under the Inland Steam Vessel Act. Therefore, it is very necessary that the same Act should apply to all the ships operating in the same territorial waters so that disparity in the salaries and facilities are avoided. It is necessary that Government should look into this matter and ensure that equal work equal pay and equal facilities are provided to the crews and officers of those vessels.

I once again congratulate the Minister for bringing forward this Bill which will definitely help the shipping industry of our country. I request him to examine the whole Merchant Shipping Act and the Inland

Steam Vessel Act so that he can bring forward a more progressive bill to help the country's shipping industry.

श्री विनायक प्रसाद यादव (सहरसा) : उपाध्यक्ष महोदय, जो अभी संशोधन विधेयक मंत्री महोदय लाए हैं उस के लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं । लेकिन इन्होंने सिर्फ शिपिंग डेवलपमेंट कमेटी और शिपिंग कम्पनी के संबंध में संशोधन रखा है । मालुम पड़ता है कि जैसे शिपिंग डेवलपमेंट कमेटी या शिपिंग कम्पनी को जनता से कोई ताल्लुक ही नहीं है । यह 1958 का 20 वर्ष पुराना कानून है और 20 साल बाद इस में यह अमेंडमेंट आया है । इधर जो परिस्थितियां बदली हैं, जैसा अभी माननीय सदस्य कह रहे थे ऐवनार्मल राइज हुआ है फ्रेट और फेयर में । शिप से जो माल ढोया जाता है, जो बाहर भेजा जाता है या शिप से जो लोग बाहर जाते हैं उन के भाड़े में काफी वृद्धि हुई है । जनता को इस से काफी परेशानी है । यह जो अमेंडमेंट बिल मंत्री जी अभी लाए हैं इन को चाहिए था कि इस 20 साल पुराने बिल में अमेंडमेंट करते समय सिर्फ शिपिंग डेवलपमेंट कमेटी या शिपिंग कम्पनी का ही ध्यान न रख कर जनता से भी चूंकि इस का ताल्लुक है, इसलिए नये सिरे से पूरा अमेंडमेंट बिल एक बना कर लाते हैं और उसे सदन के सामने प्रस्तुत करते अभी भी जो अमेंडमेंट आया है इस में मेजर चेंजेज किए गए हैं जैसे शिपिंग डेवलपमेंट कमेटी को इनकम टैक्स से बरी करने का प्रावधान किया गया है । फिर शिपिंग डेवलपमेंट कमेटी के मेम्बरों को 6 से 12 किया जा रहा है । उस को अभी तक सरकार से ही फंड मिलता था, अब एक कानून के जरिए प्रावधान कर रहे हैं शिपिंग डेवलपमेंट कमेटी जनता से भी लोन बांड बेचकर या और दूसरे जरियों से ले सके । फिर, इन का अभी जो प्रावधान है उस के अनुसार जो शिपिंग कम्पनी शिपिंग डेवलपमेंट कमेटी से लोन लेना चाहती है उस शिपिंग कम्पनी को अपने बोर्ड आफ डायरेक्टर्स में इन के रेप्रेजेन्टेटिव को रखना पड़ता है । यह सब बीस साल से हो रहा है । कोई कानन नहीं था । दोनों में जो सौदा पटता था उसके हिसाब से वे अपना डायरेक्टर रखते थे लेकिन आप कानून थोपने जा रहे हैं कि कोई बात-चीत नहीं होगी, सरकार की जिस तरह से इच्छा होगी बिना किसी बात-चीत के अपना डायरेक्टर बिठायेगी । यह सारी चीजें की गई है । हम चाहते हैं कि चूंकि यह संशोधन विधेयक अधूरा है और इसके प्रावधान जनता से तथा फेयर और फेट से सम्बन्धित हैं, डेवलपमेन्ट से सम्बन्धित हैं इसलिए एक कांप्रिहेंसिव बिल सदन के सामने लाया जाना चाहिए । बीस साल से अभी तक कोई अमेंडमेन्ट नहीं हुआ है और सारा कारोबार चल रहा है तो एक महीने के लिए इस बिल को पब्लिक ओपीनियन के लिए भेज देने में कोई हर्ज नहीं होगा । यह तीन महीने का सेशन है, एक महीने में पब्लिक ओपीनियन की रिपोर्ट आ जायेगी उसके बाद इसी सैशन में शिपिंग ऐक्ट के लिए एक कांप्रिहेंसिव अमेंडमेंट बिल लायें । यही मेरी मंशा है । मैं आपके जरिए माननीय मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि जो बिल वे लाये हैं वह बहुत अच्छा है, शिपिंग डेवलपमेन्ट के लिए प्रावधान ठीक है लेकिन वह काफी नहीं है इसको और कांप्रिहेंसिव बनाया जाना चाहिए । मेरा अनुरोध है कि मेरे अमेन्डमेन्ट को मान लें ।

PROF. R. K. AMIN (Surendranagar): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I would like to draw the attention of the hon. Minister to two important points, one regarding the composition of the committee and the second regarding the exemption from wealth-tax and income-tax on the funds of the committee.

This amendment brings about certain fundamental changes. So far, the Committee had the funds available from the loans of the Government.

[Prof R. K. Amin]

